आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.12.2024 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने की ताकत बनने का आह्वान किया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक, दिशा की अध्यक्षता की।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग आम जनता की सुविधा के लिए दिसम्बर माह के दौरान विशेष आधार शिविर का आयोजन कर रहा है।
- मध्योत्तर अण्डमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुईं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से दो हजार सैतालिस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान की ऊर्जा–शक्ति बनने का आहवान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले महीने विकसित भारत युवा नेता संवाद आयोजित किया जायेगा, जो युवाओं को विचारों के आदान–प्रदान का मंच देगा। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकसित भारत का लक्ष्य लेकर चल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन हो, नेचुरल फार्मिंग हो, या पर्यावरण को लेकर जागरूकता की बात हो, बेटियों की शिक्षा हो, या आदिवासी कल्याण का विषय हो, देश के लोग आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण की यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक, दिशा की अध्यक्षता की। बैठक में अंडमान निकोबार प्रशासन के विभागीय अधिकारियों और प्रमुख पंचायती राज संस्थानो के सदस्यों ने भाग लिया। भारत सरकार के निर्देशानुसार, सांसद को उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में दिशा बैठके विभिन्न योजनाओं के विकास की प्रगति से अवगत कराने के लिए आयोजित की जाएगी। व्यापक समीक्षा के दौरान, सांसद ने जनता के लाभों को सुनिश्चित करने के लिए प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से लोगों के लाभों को अधिकतम करने के लिए द्वीपों में केंद्र

प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया। प्रत्येक विभाग में चल रही योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और परिणामों को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित उपायों पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। सांसद ने योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुँचाने और द्वीपों के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए मजबूत निगरानी तंत्र की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस प्रक्रिया को और अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग आम जनता की सुविधा के लिए दिसम्बर माह के दौरान दक्षिण, उत्तर और मध्य अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित करेगा। शिविर के दौरान आधार से जुड़ी कार्य किया जाएगा। दस और ग्यारह दिसम्बर को मीठाखाड़ी और नीलाम्बूर क्षेत्र में आधार शिविर लगेगा। बारह और तेरह दिसम्बर को टुसनाबाद, सुन्दरगढ़, पोकाडेरा और सीतानगर में, सोलह और सत्रह तारीख को रामकृष्णपुर और माइलडेरा में सोलह से इक्कीस तारीख तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। सत्रह और अट्ठारह तारीख को वृंदावन में, अट्ठारह और उन्नीस तारीख को विवेकानन्दपुर, उन्नीस और बीस को मनारघाट, उर्मिलापुर और केरलापुरम में शिविर लगेगा। तेईस और चौबीस तारीख को शोलबे में और छब्बीस और सत्ताईस तारीख को नीलकेन्द्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत हाल ही में रंगत तहसील के जनकपुर गांव में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, लगभग शून्य दशमलव दो पांच हेक्टेयर भूमि को अवैध गतिविधियों से मुक्त किया गया, जिसमें सुपारी, नारियल के पौधे, केले के पेड़ और अस्थायी बाड़ लगाना शामिल था। अतिक्रमण किए गए क्षेत्र को सफलतापूर्वक उसकी मूल स्थिति में बहाल किया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की सरकारी भूमि को संरक्षित करने और इसके वैध उपयोग को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जनता से आग्रह है कि वे सरकारी संपत्ति पर अनाधिकृत गतिविधियों से बचें और सामुदायिक कल्याण के लिए सार्वजनिक संसाधनों को बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

<><><><><><><>

राज्य पुस्तकालय के कार्य समय में आंशिक रूप से संशोधन किया गया है और राज्य पुस्तकालय के सभी अनुभागों की सेवाएँ आज से सभी सदस्यों के लिए सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक उपलब्ध रहेंगी। भोजन अवकाश दोपहर एक बजे से डेढ़ बजे तक होगा।

<><><><><><><>

मनरेगा में अनुबंध के आधार पर सहायक अभियन्ता के एक और ग्राम रोज़गार सेवक के चार पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। उम्मीदवारों की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित सहायक अभियन्ता को प्रतिमाह बीस हजार की एक मुश्त राशि दी जाएगी। वहीं ग्राम रोज़गार सेवक को चौदह हजार की एक मुश्त राशि दी जाएगी। उम्मीदवार भरे हुए आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से कल सवेरे ग्यारह बजे से तीस दिसम्बर के मध्यरात्रि तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन में पन्द्रह से इक्कीस दिसम्बर तक वार्षिक गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें आचार्य चिन्मय मिशन कोयम्बटुर की पूज्य स्वामिनी विमलानन्दा जी का प्रवचन होगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े छः बजे से साढ़े सात और शाम छः बजे से साढ़े सात बजे तक चलेगा। सुबह का प्रवचन सोलह दिसम्बर से शुरू होगा। सप्ताहभर चलने वाले यज्ञ का उद्‌घाटन पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल करेंगे। सभी द्वीपवासियों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुईं। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में पन्द्रह, कार–निकोबार में तेरह दशमलव चार, ननकौड़ी में छह दशमलव चार, श्री विजयपुरम में चार दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के लिए मौसम संबंधीपूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के एकाध स्थान पर वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>

साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में, हाल ही में वित्तीय धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया। पीड़ित, नें एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर अपना प्रोफ़ाइल अपडेट किया था, स्वीडन से होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें संपर्क किया। इसके बाद वे व्हाट्सएप के माध्यम से नियमित रूप से संवाद करने लगे। कुछ समय बाद उस व्यक्ति ने पीड़िता से एक लाख से अधिक धनराशि यह कह कर मंगवाई कि वो भारत में बसना चाहता है। बाद में पीड़िता को एहसास हुआ कि उन्हें एक घोटालेबाज ने धोखा दिया है। इसके बाद राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई। यह मामला साइबर धोखाधड़ी, विशेष रूप से वैवाहिक घोटालों के बढ़ते खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करता है। साइबर अपराध पुलिस स्टेशन आम जनता से ऑनलाइन संपर्कों से निपटने के दौरान सावधानी बरतने और अज्ञात व्यक्तियों को पैसे ट्रांसफर करने से बचने का आग्रह करता है। नागरिकों को ऐसी किसी भी घटना की रिपोर्ट जल्द से जल्द करने को कहा गया है।

<><><><><><><>